आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.01.2026 समय : 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भगवान बुद्ध द्वारा दिखाया गया मार्ग और ज्ञान पूरी मानवता के लिए हैं
- राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026 कल से जयपुर में शुरू होगां
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के नए कानूनों को लागू करने में वकीलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बतायां
- प्रदेश में न्यूनतम तापमान में और गिरावट के साथ ही सर्दी के तेवर तीखे–माउन्ट आबू में पारा जमाव बिन्दु से नीचे पहुंचां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भगवान बुद्ध द्वारा दिखाया गया मार्ग और ज्ञान समस्त मानवता के लिए है और उनके पवित्र अवशेष मात्र कलाकृतियां नहीं बल्कि देश की विरासत का अभिन्न अंग हैं प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ कियां श्री मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध के ये पवित्र अवशेष भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग हैं उन्होंने कहा कि एक सदी से अधिक के लम्बे इंतजार के बाद ये अवशेष भारत लौटे हैं

.......................

संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भगवान बुद्ध का दर्शन भारत की अनूठी आत्मा का दर्शन हैं

.......................................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज देश की पहली वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी का निरीक्षण कियां श्री वैष्णव ने बताया कि यह रेलगाड़ी रात्रिकालीन और लंबी दूरी की यात्रा के लिए डिज़ाइन की गई हैं उन्होंने कहा कि भारतीय रेल की लंबी दूरी की यात्राओं में यह महत्वपूर्ण सुधार का प्रतीक हैं उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी तेज यात्रा, बेहतर आराम और आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों से सुसज्जित हैं

..............................

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026 का आयोजन कल से जयपुर में किया जा रहा हैं सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 6 जनवरी तक ये समिट होगीं

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने बताया कि इसमें स्टार्टअप्स, निवेशक, नीति निर्माता, उद्यमी और क्रियेटर्स जुटेंगें वे डिजिटल एग्रीकल्चर स्मार्ट हैल्थ, स्मार्ट स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, जल प्रबंधन टूरिज्म, वाटर गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कई अहम विषयों पर मंथन करेंगें इस दौरान स्टार्टअप पिच सत्र, सेक्टोरल सेशन, हैकाथॉन, कॉमिकॉन, फिल्म फेस्टिवल और राजस्थान रीजनल एआई इम्पेक्ट कॉन्फ्रेंस भी होगीं समिट में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद सहित देश विदेश की कई हस्तियां शामिल होगीं

000

निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से ईसीआईनेट एप को बेहतर बनाने के लिए 10 जनवरी तक सुझाव आमंत्रित किए हैं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तैयार यह एकीकृत ऐप पहले की 40 अलग–अलग निर्वाचन सेवाओं जैसे वोटर हेल्पलाइन और सी–विजिल को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाता हैं इस एप के माध्यम से मतदाता सेवाओं, मतदान रुझानों और इंडेक्स कार्ड के प्रकाशन में तेजी आएगीं इसका सफल परीक्षण बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान किया जा चुका हैं नागरिक गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप स्टोर से इसे डाउनलोड कर सकते हैं इस प्लेटफॉर्म का आधिकारिक शुभारंभ इसी महीने किया जाएगां

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि देश के नये कानूनों को लागू करने में वकीलों की बड़ी भूमिका हैं श्री बिरला आज कोटा में अभिभाषक परिषद की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में

बोल रहे थें उन्होंने इस दौरान आश्वासन दिया कि नए न्यायालय भवन का निर्माण जल्द होगां श्री बिरला ने कहा कि सभी को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के प्रयास होने चाहिएं

.........................

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने आज को कोटा में तीन दिवसीय 'हाड़ौती ट्रैवल मार्ट–2026' बी2बी प्रदर्शनी का शुभारंभ कियां इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य जयपुर और उदयपुर के अलावा प्रदेश के अनछुए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देना हैं दिया कुमारी ने बताया कि कोटा–हाड़ौती क्षेत्र में चंबल रिवर फ्रंट, वाइल्ड लाइफ और किलों जैसे कई आकर्षण हैं अब कोटा को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगां

उन्होंने कहा कि कोटा में एयरपोर्ट शुरू होने और बेहतर रोड कनेक्टिविटी से यहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगें

........................

एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में देश भर से कुल 2 हज़ार चार सौ छह एनसीसी कैडेट हिस्सा लेंगे जिसमें आठ सौ 98 लड़कियां शामिल हैं पिछले वर्ष की तुलना में सभी राज्यों में बालिका कैडेट की संख्या में बढोतरी हुई हैं नई दिल्ली में एनसीसी के लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के साथ–साथ लद्दाख से 127 कैडेट और नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र से 131 कैडेट इसमें हिस्सा ले रहे हैं उन्होंने कहा कि 25 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत समारोह में हिस्सा लेंगें

000

प्रदेश में न्यून्तम तापमान में और गिरावट के साथ ही सर्दी के तेवर तीखे हो गये हैं मौसम विभाग द्वारा आज जारी आंकडे के अनुसार लगभग सभी स्थानों पर तापमान सामान्य से नीचे आ गया हैं माउन्ट आबू में तापमान लुढककर जमाव बिन्दु से नीचे दर्ज हुआ, वहीं मैदानी इलाकों में सीकर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 8 डिग्री रिकॉर्ड किया गयां राजधानी जयपुर में भी रात के पारे में गिरावट से सर्दी बनी हुई हैं इस बीच कई स्थानों पर सुबह घने कोहरे की वजह से जनजीवन प्रभावित रहां मौसम विभाग ने राज्य के अगले दो–तीन दिन भी कई स्थानों पर घना कोहरा रहने की संभावना जतायी हैं आगामी दो–तीन दिनों में तापमान में एक से दो डिग्री गिरावट होने और राज्य के उत्तरी भागों में शीतलगर की संभावना हैं राज्य के अधिकांश भागों में आगामी 48 घंटों के दौरान अधिकतक तापमान सामान्य से दो–पांच डिग्री नीचे दर्ज होने और कहीं–कहीं दिन भी बेहद ठंडा हो सकता हैं

000

जयपुर नगर निगम की ओर से जयपुर शहर में 26 रैन बसेरे चलाये जा रहे हैं, जिनमें निराश्रित लोगों के लिए रुकने, गर्म बिस्तर और भोजन की मुफ्त व्यवस्था की गई हैं आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि सर्दी को देखते हुए रैन बसेरों की लगातार निगरानी की जा रही हैं रात के समय गश्त कर खुले में सोने वाले लोगों को रैन बसेरों तक पहुँचाया जा रहा हैं निगम ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति खुले में सोता मिले, तो निगम के कंट्रोल रूम नंबर पर तुरंत सूचना दें

000

जयपुर में पहली बार आयोजित हो रही आर्मी डे परेड़ को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया हैं परेड की रिहर्सल और मुख्य आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस आयुक्तालय की ओर से दिशा–निर्देश जारी किए हैं यह परेड जयपुर में एनआरआई चौराहे से बॉम्बे हॉस्पिटल होते हुए महल रोड तक आयोजित की जा रही है, जिसे आमजन 9, 11, 13 और 15 जनवरी 2026 को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक देख सकेंगें दर्शकों के बैठने की व्यवस्था अक्षय पात्र मंदिर के सामने की तरफ हैं महल रोड के 5 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगां साथ ही रिहर्सल अवधि के दौरान पतंग उड़ाने पर भी रोक लगाई गई हैं ड्रोन और पतंग से सेना के विमानों की उड़ान में बाधा और दुर्घटना की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया हैं सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल के आसपास रहने वाले लोगों, किराएदारों, दुकानदारों और फैक्ट्री संचालकों को कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए हैं इस बीच, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयीं बैठक में इस आयोजन में

अधिकतम जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गयां बैठक में जानकारी दी गई कि 9 जनवरी को आयोजित होने वाली सेना दिवस परेड मातृशक्ति को समर्पित की गई हैं

000